# अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को तृतीय-चतुर्थ श्रेणी पदों की भर्ती में मिलेगी प्राथमिकता

## राज्य सरकार अब खुद के पोर्टल से करेगी धान खरीदी, स्थानीय उद्योगों को दिया जाएगा बढ़ावा

रायपुर (आरएनएस)। राज्य मंत्रिमंडल की आज संपन्न हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इसमें प्रमुख रूप से धान खरीदी की प्रक्रिया, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने, अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति में प्राथमिकता देने, लैंड डायवर्सन की प्रक्रिया सरल करने जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल हैं।

मंत्रालय में संपन्न हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसमें तय किया गया कि राज्य सरकार जैम पोर्टल के बजाए खुद का पोर्टल तैयार कर इसके माध्यम से धान खरीदी करेगा। इसमें कम से कम 6 माह का समय जरूर लगेगा, लेकिन अब तक पुराने पोर्टल से होने वाली असुविधाओं से बचा भी जा सकेगा। वर्तमान में पुरानी पद्धति से ही धान खरीदी चल रही है। लिहाजा सीएसआईडीसी के जरिये समान की खरीदी होगी। इसके अलावा स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में तय हुआ कि स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए इनसे ही सामग्रियां आदि क्रय करने के लिए प्राथमिकता तय की जाएगी। राज्य के अनुसूचित बाहुल क्षेत्रों में स्थानीय शिक्षित युवा बेरोजगारों को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों में होने वाली भर्तियों में प्राथमिकता दिए जाने का भी निर्णय लिया गया है। इसके पहले भी भाजपा सरकार ने इस तरह की पहल शुरू की थी। कांग्रेस सरकार ने इस निर्णय को आगामी दो वर्ष के लिए और बढ़ा दिया है, पांचवी अनुसूची क्षेत्र में बस्तर, सरगुजा संभाग के अलावा कोरबा जिले को भी शामिल किया गया है।

राज्य के किसानों के लिए एक बड़ा निर्णय लिया गया है, इसके तहत 31 जनवरी तक राज्य के किसान जितना भी धान बेचेंगे उतनी खरीदी की जाएगी। इस बार उम्मीद है कि खरीदी का लक्ष्य 85 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा 90 लाख मीट्रिक टन के करीब हो सकता है।

मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों के अनुसार धान की बंपर पैदावार को देखते हुए यह भी निर्णय लिया गया है कि पुराने बोरों में भी धान की खरीदी होगी। छोटे भूखंडों के क्रय-विक्रय की प्रक्रिया में बटांकन की अनिवार्यता को समाप्त करने के निर्णय से जनता को मिली राहत को देखते हुए अब राज्य सरकार ने लैंड डायवर्सन की प्रक्रिया को भी सरलीकरण करने का निर्णय लिया है, इससे जमीन के हस्तांतरण में होने वाली दिक्कतों को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। इससे छोटे भूखंड धारियों को अपनी जमीन, मकान बेचने और क्रय करने में बड़ी आसानी हो जाएगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छेर छेरा पुन्नी पर बच्चों की टोली घर-घर पहुंची

**'छेरी के छेरा, माई कोठी के धान ला हेरी के हेरा**

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौष पूर्णिमा के अवसर पर आज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की टोली सुबह से ही छेर छेरा पुन्नी का दान लेने के लिए टोली बनाकर घर-घर पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार हमारे ग्रामीण क्षेत्र के संवाददाताओं ने बताया कि उक्त पर्व अन्नदान की परंपरा से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में नये धान की आवक के साथ ही पुन्नी आने पर ग्रामीण क्षेत्रों में कोठी के धान से दान देने की परंपरा रही है।

### सीएम भूपेश बघेल का दिल्ली दौरा रद्द

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दो दिवसीय दिल्ली दौरा अचानक रद्द कर दिया गया है। दिल्ली में श्री बघेल की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ ही पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात होनी थी।

### लोकसभा चुनाव तैयारी : कांग्रेस का लक्ष्य और कार्यक्रम निर्धारित

**प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया ने लिया मैराथन बैठक**

रायपुर (आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीसीसी की तैयारियां तेज करवा दी है। श्री पुनिया ने कल इसी क्रम में मैराथन बैठक लेकर कांग्रेस के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों व पदाधिकारियों की मैराथन बैठक ली, जो रात करीब 10 बजे तक चलती रही।

### एक लाख का ईनामी नक्सली सीएनएम अध्यक्ष गिरफ्तार

**बारूदी सुरंग विस्फोट कर 7 जवानों की हत्या में शामिल रहा है**

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले की कुंआकोंडा पुलिस ने दबिश देकर एक लाख रूपए के ईनामी नक्सली कटेकल्याण एरिया कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण करटामी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### संदिग्ध अवस्था में महिला के साथ होटल मैनेजर गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। होटल मैनेजर को महिला के साथ होटल के कमरे में संदिग्ध अवस्था में आजाद चौक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर होटल मैनेजर जयेश विरु व एक महिला 28 वर्ष को तात्यापारा स्थित एक होटल के कमरे में सदिग्ध अवस्था में पाये जाने पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 457 पीटा एक्ट के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है।

### मोबाईल फोन पर ईनाम का लालच देकर किया युवती से लाखों रुपये की ठगी


**डायमण्ड अंगूठी व पाउण्ड एवं अन्य समान पार्सल में भेजे जाने का दिया झांसा**

रायपुर (आरएनएस)। मोबाईल पर कॉल कर फेसबुक के माध्यम से संपर्क कर डायमंड रिंग व चैन एवं मोबाइल फोन सहित नगद पाउण्ड को छुडाने का झांसा देकर युवती से लाखें रुपये की ठगी का मामला डीडीगनर थाने में दर्ज की गई है।

### सात दिन से लापता मासूम बच्ची का शव नदी में उतराता मिला

इमलिया सुल्तानपुर (सीतापुर) (आरएनएस)। इमलिया सुल्तानपुर में सात दिन से लापता मासूम बच्ची का शव गांव के बाहर स्थित नदी में उतराता हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में शव को नदी से बाहर निकलवाया और सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पाकर सांसद राजेश वर्मा ने मृतक के परिजनों को मिलकर सांत्वना दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कुरका निवासी बलवंत की 7 वर्षीय पुत्री पारूल 13 जनवरी की शाम घर के बाहर खेलते समय लापता हो गई थी।

# खाद्य अधिकारी एवं तहसीलदार की मनमानी के चलते 44 सौ के बजाए 27 सौ रूपए प्रतिलाट मिल रही मजदूरी-बागड़े



रायपुर (आरएनएस)। स्टेट वेयर हाउस आरंग के गोदामों में कार्यरत मजदूरों को गत वर्ष 540 प्रतिलाट की मजदूरी राईस मिलर्स को 44 सौ रूपए भुगतान किया गया, किंतु खाद्य अधिकारी राठौर एवं तहसीलदार मूलचंद चोपड़ा द्वारा कलेक्टर रायपुर द्वारा दिए गए आदेश का उल्लंघन कर प्रतिलाट मजदूरी श्रमिकों को 27 रूपए भुगतान की गई। उक्त आरोप प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एक्टू भीमराव बागड़े, बहोरिक निषाद अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हमाल मजदूर संघ ने संयुक्त रूप से लगाया। वार्ताकारों ने बताया कि 16 वर्षों से कार्यरत मजदूरों से कम मजदूरी का भुगतान कर जहां उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है वहीं आरंग के प्रभावी कांग्रेस नेता के रिश्तेदार गणेश बांधे के मजदूरों को अप्रत्याशित लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्ववर्ती सरकार के मंत्री अमर अग्रवाल को भी लिखित में शिकायत की गई थी, उसपर कार्यवाही नहीं की गई। शंकर गुहा नियोगी हत्याकांड के संबंध में बागड़े ने राष्ट्रपति भारत गणराज्य को पुनः मामले की जांच बाबत् ज्ञापन सौंपकर मामले की पुर्नसमीक्षा की मांग किए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामले में केवल पलटन मल्लाह को फांसी की सजा हुई थी जबकि केडिया डिस्टलरी कुम्हारी के प्रमुख कैलाशपति केडिया आज भी लंदन में रहते हैं। एक अन्य आरोपी सिम्प्लेक्स भिलाई के प्रमुख मूलचंद शाह एवं चन्द्रकांत शाह पर भी कार्यवाही अपेक्षित तौर पर नहीं हुई है। जिसको लेकर मुक्ति मोर्चा के श्रमिक आज भी इंसाफ की राह देख रहे हैं।

# एफजी इंटरटेनमेंट बालीवुड कान्टेस्ट का आयोजन करेगा 2 फरवरी को

रायपुर (आरएनएस)। एफजी इंटरटेनमेंट के प्रमुख एसपी यादव एवं भिलाई निवासी आर्येश चन्द्राकर ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया की उनकी संस्था द्वारा बालीवुड में मॉडलिंग, एक्टिंग, सिगिंग, डांस आदि के लिए

### 100 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना

बालीवुड कास्टिंग का आयोजन 2 फरवरी को 36 माल में दोपहर 12 बजे से 6 बजे के मध्य आयोजित किया गया है। उक्त कास्टिंग कार्यक्रम के क्वाटर फाइनल में 100 से अधिक प्रतियोगियों के भाग लेने की संभावना है। वार्ताकारों ने उक्त आडीशन में प्रदेश स्तरीय प्रतिभाएं रायपुर के अलावा भिलाई, बिलासपुर, दुर्ग आदि में शामिल होकर अपनी किस्तम आजमाएंगी। चयनित कलाकारों को लेकर वे एक शॉर्ट फिल्म का निर्माण करेंगे। यादव ने बताया कि वे पिछले 17 वर्षों से बालाजी टेलीफिल्म्स में कार्य कर रहे हैं। प्रतिभागियों का प्रवेश निःशुल्क है। चयनित कलाकारों को संस्था की ओर से गिफ्ट हेंपर देकर सम्मानित किया जाएगा।

# राजधानी में सेक्स रैकेट पकड़ाया

**3 युवक व 4 युवतियां पकड़ाई**

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में एक बार फिर बड़े सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया गया है। शहर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में ये सेक्स रैकेट चल रहा था है। पुलिस ने यहां से 3 युवकों व 4 युवतियों के पकड़े जाने की खबर है। मिली जानकारी के मुताबिक आजाद नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में पुलिस को सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना मिली।



# अनियमित कर्मचारियों को किये गए वादे जल्द किये जायेंगे पूरे - टी एस बाबा

रायपुर (आरएनएस)। संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष अनिल देवांगन के अध्यक्षता में जिला सरगुजा में संभाग स्तरीय महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें अनियमित कर्मचारियों के द्वारा पूर्व में की गई 4 सूत्रीय मांग पर चर्चा किया गया जिसमें सभी संभाग अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यदि शासन द्वारा 26 जनवरी 2019 तक कोई सकरात्मक कदम नहीं उठाया गया तो 26 जनवरी के बाद राज्य राजधानी रायपुर में वादा निभाओ रैली का आयोजन किया जाएगा जिसके पश्चात यह तय किया जाएगा की अपनी मांग को पूर्ण कराने के लिए क्या आवश्यक कदम उठाया जाए एवं सरकार के समक्ष रखा जावे आज इस महापंचायत की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष अनिल कुमार देवांगन द्वारा किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सभी संभाग अध्यक्ष जिला अध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग के सभी अनियमित कर्मचारी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# सदरपुर क्षेत्र में धारा 144 लागू

पहला (सीतापुर), (आरएनएस)। थाना सदरपुर क्षेत्र में उप जिला अधिकारी महमूदाबाद ने थाना क्षेत्र में लागू की धारा 144 शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लागू की गई।जिसमें कोई भी ब्यक्ति थाना सदरपुर के अन्तर्गत आंदोलन या प्रदर्शन करने या पांच पांच लोग एक जगह उपस्थित न रहे। जुलुस नहीं निकालेंगे। इसी प्रकार का प्रदर्शन भी नहीं कर सकेंगे। किसी सार्वजनिक स्थल पर किसी प्रकार का कार्यक्रम रिवाल्वर, पिस्टल, बंदूक राइफल का बल्लम, तलवार, चाकू, आज लेकर नहीं चलेंगी और ना ही लाठी डंडा ना ही कोई व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं डीजे का प्रयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं कर सकेंगे।

# पुलिस को खुलेआम चैलेंज दे रहे अपराधी



महराजगंज रायबरेली (आरएनएस)। पुलिस को खुलेआम चैलेंज देने वाले अपराधियो के आगे जहां पुलिस नतमस्तक है। वहीं पुलिस के ढुलमुल रवैए ने इनके हौसले और बुलंद कर रखे हैं जिसकी बानगी शनिवार को देखने को मिली। बताते चले की कस्बे के रुद्र नगर वार्ड के चूनू का पुरवा स्थित 14 बिस्वा भूमि गाटा संख्या 1280 के मामले में तहसील प्रशासन, नगर पंचायत अध्यक्ष, कोतवाली प्रभारी की मौजूदगी में चैथी बार जमीन की नाप जोख हुई लेकिन किसी भी तरह से रंगदारी मांगने वाले लोग भू- स्वामी अधिवक्ता कमलेश रस्तोगी को जमीन देने को तैयार नहीं है। हद तो तब हो गई जब रंगदारी मांगने के आरोपियों ने तहसीलदार, कानूनगो, कोतवाली प्रभारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, अधिवक्ता आदि की बात को भी नही माना और प्रशासन के सामने ही भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लड़ने पर उतारू हो गए वहीं इन अपराधियो को गिरफ्तार करने के बजाए पुलिस प्रशासन तमाशाई बना बैठा रहा।

# कर्मचारी का पंजा मशीन में फंसा, प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तीन अंगुली हुआ जख्मी**



रायपुर (आरएनएस)। प्रबंधक की लापरवाही से रोलिंग मिल में काम करने वाले कर्मचारी के पंजे की तीन अंगुली बुरी तरह से जख्मी हो जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार धनेली धरसीवा रायपुर निवासी आशीष कुमार 25 वर्ष पिता नन्हेलाल विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 5 नवंबर 2018 को कन्हेरा स्थित सौरव रोलिंग मिल में प्रबंधक की लापरवाही के चलते काम करते वक्त मशीन में बाए पंजे की तीन अंगुली फंस जाने से बुरी तरह से जख्मी हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 287,337 के तहत अपराध कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# खाते में 2 लाख 50 हजार पार, परिवाद आदेश पर मामला दर्ज




रायपुर (आरएनएस)। खाते से लाखों रुपये की आहरण कर लेने की परिवाद आदेश पर सिविल लाईन थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ 420 के तहत अपराध कायम किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती गोपाल श्रीचंदन 40 वर्ष पति आलोक जैन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 4 जुलाई 2014 को स्टेट बैंक आफइंडिया बैरनबाजार शाखा में कैपटन सुभम शुक्ला के नाम के खाता में से किसी ने 2 लाख रुपये 50 हजार रुपये निकाल लिया।

# ठंड के मौसम में क्यों खाना चाहिए किशमिश, आज ही जान लें फायदे



वैसे तो किशमिश का सेवन हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है लेकिन इसका सेवन अगर ठंड में किया जाए तो ये ज्यादा लाभदायक होता है.ठंड के मौसम में किशमिश का सेवन करने से कब्ज,एनीमिया,दुबलापन और शारीरिक कमजोरी जैसी गंभीर समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है.किशमिश का सेवन करने से आपका वजन भी संतुलित रहता है.साथ ही आंख,दांत और हड्डियां भी मजबूत बनी रहती हैं.आइए हम आपको बताते हैं कि किशमिश का किस तरह से सेवन करने से आप ठंड के दिनों में स्वस्थ रह सकते हैं.

विषाक्त पदार्थों को निकालता है बाहर किशमिश के सेवन से उसके अंदर मौजूद फाइबर हमारी आंतों से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है जिससे हमारा पाचन तंत्र सही रहता है.किशमिश के सेवन से हमारे शरीर को भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलती है क्योंकि इसमें ग्लुकोज और फ्रुक्टोज पाया जाता है जो हमारे शरीर को ताकतवर बनाता है.

त्वचा को सुंदर बनाता है किशमिश में कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो आपकी त्वचा को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने में आपकी मदद करता है.किशमिश त्वचा में मौजूद कोशिकाओं की रक्षा करता है जिससे आपकी त्वचा चमकदार और सुंदर दिखाई देने लगती है.

कैसे करें सेवन किशमिश के सेवन से पूरा शरीर स्वस्थ रहता है.ऐसे में जरूरी है कि आप किशमिश का सेवन रोजाना करें. प्रतिदिन दूध में 12 से 14 किशमिश को अच्छे से उबाल लें और रोज रात को सोने से पहले इसका सेवन करें, जिससे आप काफी स्वस्थ रहेंगे.

# सलमान खान की दबंग 3 में सुदीप होगा विलन



पिछले कुछ दिनों से खबरें आ रही हैं कि बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुपरहिट सीरीज दबंग की तीसरी फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू हो सकती है। कहा जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग तैयार है और अप्रैल से फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। अब धीरे-धीरे इस फिल्म की कास्ट के बारे में भी जानकारियां सामने आ रही हैं।

हाल में यह खबर सामने आई है कि कन्नड़ ऐक्टर सुदीप दबंग 3 में विलन का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 90-100 दिनों में पूरी कर ली जाएगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म में सलमान और सुदीप को कास्ट किए जाने की प्लानिंग पिछले काफी समय से की जा रही हैं। फिल्म में सुदीप का किरदार निगेटिव होगा। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर प्रभुदेवा ने फिल्म की कहानी भी सुदीप को सुना दी है और सुदीप को कहानी पसंद आ गई है। हालांकि अभी तक सुदीप ने अभी तक फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है। पहले ऐसा कहा जा रहा है कि दबंग 3 में 2 विलन होंगे लेकिन अब सूत्र ने बताया कि फिल्म में केवल एक ही विलन होगा। वैसे बता दें कि फिल्मों से बाहर सुदीप और सलमान के रिश्ते काफी दोस्ताना है।

# 'विक्रम बेताल की रहस्य गाथा' से जुड़ने जा रही हैं गरिमा जैन



अभिनेत्री गरिमा जैन टीवी शो 'विक्रम बेताल की रहस्य गाथा' में शामिल होने जा रही हैं। वे 'लोपामुद्रा' की मिथकीय भूमिका निभाएंगी।

गरिमा ने एक बयान में कहा, ''मैं ऋषि अगस्ता द्वारा सृजित सबसे सुडौल, सुंदर और मोहक लोपमुद्रा की भूमिका निभा रही हूं। दुनिया के सभी तत्वों को मिलाकर एक उत्कृष्ट कृति बनाई गई है, जिसे लोपमुद्रा कहा जाता है और मैं वह चरित्र निभा रही हूं।''

इस शो का निर्माण अलिंद श्रीवास्तव और निसार परवेज कर रहे हैं, जिसमें हर हफ्ते अलग कहानियां प्रस्तुत की जाती है।

मुख्य कहानी अच्छे और बुरे के बीच लड़ाई की कहानी है, जो बुद्धिमान राजा विक्रमादित्य और ज्ञानी भूत बेताल के बीच है, जिसे बुरे भद्रकाल द्वारा चुनौती दी गई है।

# सलमान खान के साथ काम करना चाहती है कंगना



इस समय बॉलिवुड की क्वीन कंगना रनौत अपनी अगली फिल्म मणिकर्णिका द क्वीन ऑफ झांसी की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म में कंगान ने रानी लक्ष्मीबाई का किरदार निभाया है। इस फिल्म के ट्रेलर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

हाल में इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान मीडिया से बात करते हुए कंगना से सलमान खान से साथ काम किए जाने के बारे में पूछा गया था। सलमान इस समय अपनी अगली फिल्म भारत की शूटिंग में बिजी हैं जो इस साल ईद के मौके पर रिलीज होगी। कंगना ने कहा कि उन्हें खुशी होगी अगर उन्हें सलमान के साथ काम करने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि सलमान उनके अच्छे दोस्त हैं।

जब कंगना से पूछा गया कि वह सलमान के साथ ऐक्टिंग करना चाहती हैं या डायरेक्शन तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उनके पास चाहे सलमान के साथ ऐक्टिंग का ऑफर आए या डायरेक्शन का, वह तुरंत स्वीकार कर लेंगी। ख़ैर, सलमान और कंगना को बड़े पर्दे पर साथ देखना दिलचस्प होगा। उम्मीद है सलमान भी इस बारे में सुन रहे होंगे।